2-7-2024 दैनिक जागरण

# हर पौधे में होता देवों का वास, करें पूजन

जासं, मैनपुरी : वन महोत्सव के अंतर्गत पंजाबी कालोनी स्थित श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को पौधारोपण का आरंभ हुआ। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से आए पूर्व कुलपति प्रो. रमेश कुमार पांडेय ने कहा कि हर पौधे में देवों का वास होता है। हमें उनकी पूजा करने के साथ उनके संरक्षण के हर संभव प्रयास भी करने चाहिए।

सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगानी होगी। आरंभ परिसर से ही करना होगा। परिसर में पौधे रोपित करने के साथ सभी को संकल्प दिलाएं कि वे एक-एक पौधा अवश्य ही रोपेंगे।

महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. शिवशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए जन-जन को जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर प्राचार्य डा. रामबदन पांडेय व अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

पंजाबी कालोनी स्थित श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को पौधारोपण का आरंभ हुआ



# संस्कृत और संस्कृति को आत्मसात करने की जरूरत



संगोष्ठी का उद्घाटन करते आचार्य रामचंद शर्मा। संवाद

मैनपुरी। श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी के सत्संग सभागार में द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को शुभारंभ हो गया। आचार्य रामचंद शर्मा नई दिल्ली ने कहा कि मानव को संस्कृत एवं संस्कृति को आत्मसात करने की जरूरत है।

मुख्य अतिथि लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. रामचंद्र शर्मा और डॉ. अनमोल शर्मा ने डॉ. विजय गुप्ता, आचार्य तिलकेंद्र शेखर त्रिपाठी ने सद्गुरुदेव भगवान के श्री विग्रह का पूजन किया। महाविद्यालय के छात्रों ने सस्वर वेद पाठ प्रस्तुत कर मंगलाचरण किया।

डॉ. अनमोल शर्मा ने कहा कि आज मनुष्य को क्षेत्र, जातीयता और प्रांत से ऊपर उठ कर राष्ट्र बोध के लिए जागृत होना होगा।

आचार्य तिलकेंद्र शेखर ने महाविद्यालय की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अतिथियों का परिचय कराया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. रामबदन पांडेय ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा संयोजक डॉ. महेश कुमार द्विवेदी ने प्रस्तुत की।

संचालन डॉ. विजय कुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर डॉ. ब्रह्मानंद तिवार, डॉ. देशबंधु गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार, राजकमल सिंह चौहान, काव्यांशी मिश्रा, डॉ. मोहित कुमार आर्य, डॉ. अशोक कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच लॉर्ड कृष्ण... अधिकारी विजय सिंह ने जिला व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार के साथ

अमर उजाला 09/11/2023

# एकरसानंद महाविद्यालय के छात्रों ने झटके 17 पदक



युवा महोत्सव के मेधावी छात्र। संवाद

## युवा महोत्सव

### मैनपुरी लौटने पर महाविद्यालय में किया गया स्वागत

मैनपुरी। लखनऊ के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव में श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। अलग-अलग प्रतियोगिता में छात्रों ने कुल 17 पदक जीते। बुधवार को मैनपुरी लौटने पर विजेता छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत किया गया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से क्षेत्रीय युवा महोत्सव के तहत विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन लखनऊ में 5 से 7 नवंबर तक किया गया। खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जनपद के श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 17 मेडल जीतकर नाम रोशन किया। युवा महोत्सव में महाविद्यालय की कबड्डी टीम ने रजत पदक हासिल किया। वहीं शतरंज स्पर्धा में सूरज कुमार ने रजत पदक, वार्ता लेखन में राहुल मिश्र ने रजत पदक, कुश्ती में सत्यम वर्मा ने रजत पदक, संघ नृत्य में सरिता, शिवानी, शिवानी यादव ने कांस्य पदक, लंबी कूद में आशुतोष तिवारी ने कांस्य पदक, कुश्ती में रामनारायण ने कांस्य पदक, संगणकीय स्पर्धा में किशन शुक्ल ने कांस्य पदक सहित छात्रों अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते।

बुधवार को मैनपुरी लौटने पर महाविद्यालय में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, प्रो. शिवशंकर मिश्र, प्राचार्य डॉ. रामवदन पांडेय, डॉ. कल्पना, डॉ. महेश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

# रूपक महोत्सव में एकरसानंद महाविद्यालय तीसरे स्थान पर



लखनऊ में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते एकरसानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। स्वयं

मैनपुरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से क्षेत्रीय रूपक महोत्सव के अंतर्गत संस्कृत नाट्य स्पर्धा का आयोजन भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ में किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर में लौटने पर महाविद्यालय में टीम का सम्मान किया गया।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के द्वारा संस्कृत के उत्थान के लिए केंद्रीय संस्कृत प्रतियोगिताओं में महाविद्यालयों को भी अवसर दिया गया है। इसी क्रम में संस्कृत नाट्य स्पर्धा में जनपद के श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी के छात्र-छात्राओं ने धूर्तसमागम नाटक पर अपनी प्रस्तुति दी। संस्कृत नाट्य स्पर्धा में उत्तरप्रदेश के साथ अन्य प्रांत राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा के भी विश्वविद्यालय परिसर एवं आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों ने भी प्रतिभाग किया। रूपक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित संस्कृत नाट्य स्पर्धा में जनपद के श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। नाट्य धूर्तसमागम में महाविद्यालय के छात्र राहुल मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ नायक एवं छात्रा शिवानी को सर्वश्रेष्ठ नायिका का पुरस्कार दिया गया। जनपद लौटने पर सफल प्रतिभागियों का सम्मान हुआ।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती महाराज, महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. शिवशंकर मिश्र, प्राचार्य डॉ रामबदन पांडेय, संयोजिका डॉ. कल्पना, सह-संयोजक डॉ. विजय शुक्ल, डॉ. अभिषेक तिवारी

संख्या वाले स्कूलों को बंद करवाकर जानकारी मांगी गई है। विभाग को सूची उपलब्ध कराने को कहा है। फोर्सडी जवान शामिल होंगे। संवाद सिंह ने दी। संवाद

# संस्कृत में ही निहित हैं सारे संस्कार, करें अध्ययन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मैनपुरी।** श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय मैनपुरी में मंगलवार से सप्त दिवसीय संस्कृत सप्ताह महोत्सव शुरू हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामबदन पांडेय ने कहा कि संस्कृत में ही सारे संस्कार निहित हैं इसलिए प्रयत्नपूर्वक संस्कृत का अध्ययन करना चाहिए।

सप्त दिवसीय संस्कृत सप्ताह महोत्सव के प्रथम दिन प्राचार्य डॉ. रामबदन पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण के साथ किया।

कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ.महेश द्विवेदी ने प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता तिलकेंद्र शेखर त्रिपाठी ने संस्कार और संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को आचरणवान बनने के लिये प्रेरित किया।

प्राचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए वर्तमान समय में संस्कृत भाषा का उपयोग बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कल्पना द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.विजय कुमार शुक्ल, डॉ.अभिषेक कुमार तिवारी, डॉ.सुशील कुमार, राजकमल सिंह चौहान, काव्यांशी मिश्रा, अशोक कुमार पांडेय, अभय मिश्र आदि मौजूद रहे।



संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक-छात्र। संवाद

उन्हें भी रही हैं उनका फिटनेस की जाँच
लिखित भी हो।

यादव ने दी है।

हिन्दुस्तान 9 नवम्बर 2023

# लखनऊ में छात्र-छात्राओं ने जीते पदक

मैनपुरी, हिन्दुस्तान संवाद। लखनऊ के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय युवा महोत्सव के तहत विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें श्री एकरसानंद आदर्श महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 17 मेडल प्राप्त करते हुए जनपद का नाम रोशन किया।



बुधवार को विद्यालय पहुंचने पर विजय छात्र-छात्राओं का स्वागत करता विद्यालय स्टाफ।

प्रतियोगिता में उ.प्र. के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश व हरियाणा के महाविद्यालयों ने भी भाग लिया। युवा महोत्सव में महाविद्यालय की कबड्डी टीम ने रजत पदक हासिल किया। शंतरज स्पर्धा में सूरज कुमार ने रजत पदक, वार्ता लेखन में राहुल मिश्रा ने रजत पदक, कुश्ती में सत्यम वर्मा ने रजत पदक, संघ नृत्य में सविता व शिवानी यादव ने कांस्य पदक, लंबी कूद में आशुतोष तिवारी ने कांस्य पदक, कुश्ती में रामनारायण ने कांस्य पदक, संगणकीय स्पर्धा में किशन शुक्ला ने कांस्य पदक सहित अन्य छात्रों ने भी पदक जीते। सभी विजयी प्रतिभागी व मार्गदर्शक डा. कल्पना, डा. महेश, विजय कुमार शुक्ला, अभिषेक कुमार, सुशील कुमार का विद्यालय पहुंचने पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज व महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर शिवशंकर मिश्रा ने स्वागत किया।

# संस्कृत महाविद्यालय के दो आचार्य सेना में बने धर्मगुरु

**जासं, मैनपुरी** : पंजाबी कालोनी स्थित श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य की उपाधि प्राप्त कर चुके दो विद्यार्थियों का चयन सेना में धर्मगुरु के पद पर हुआ है।

मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रामबदन पांडेय ने बताया कि राजस्थान निवासी भूराराम शर्मा ने 2020 एवं नगर के गोपालपुर निवासी जयप्रकाश मिश्रा ने वर्ष 2019 में महाविद्यालय से आचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। हाल ही में सैन्य परीक्षा के परिणाम में दोनों आचार्य का चयन सेना में धर्मगुरु के पद पर हुआ है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, प्रो. शिवशंकर मिश्रा, डा. महेश कुमार द्विवेदी, डा. विजय कुमार शुक्ला,





जयप्रकाश मिश्रा, भूराराम ● सौ. कालेज

**राजस्थान के भूराराम ने 2020 एवं नगर के जयप्रकाश ने वर्ष 2019 में महाविद्यालय से उत्तीर्ण की थी आचार्य की परीक्षा**

डा. कल्पना, डा. सुशील कुमार, राजकमल चौहान, काव्यांशी मिश्रा आदि ने जयप्रकाश का माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर सम्मान किया। भूराराम शर्मा को फोन पर शुभकामना दीं।

दैनिक जागरण 20/03/2024

# आचार्य शास्त्री घर-घर जाकर करेंगे वोट की अपील

## श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया मतदाता जागरूकता का संकल्प, देंगे जानकारी

दैनिक जागरण मतदाता है भाग्यविधाता

जासं, मैनपुरी : लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व के लिए जिम्मेदार एकजुट होने लगे हैं। दैनिक जागरण द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता अभियान 'मतदाता हैं भाग्य विधाता' को लोगों को साथ मिलने लगा है। जागरूकता की इस कड़ी में श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय के आचार्य एवं शास्त्री ने सामूहिक शपथ ग्रहण कर मतदाताओं को उनके दायित्व समझाने का प्रण किया।

पंजाबी कालोनी स्थित महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार को प्राचार्य डा. रामवदन पांडेय ने कहा कि उनके महाविद्यालय के आचार्य एवं शास्त्री के साथ अन्य विद्यार्थियों ने प्रत्येक चुनाव में अपनी जिम्मेदारी निभाई है। मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति विद्यार्थी सदैव ही जागरूक करते रहे हैं। इस बार भी इस कार्य के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। हमारा प्रयास होगा कि



मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ लेते श्री एकरसानंद संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थी • सौ. महाविद्यालय

ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचकर उन्हें सात मई को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं है। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए तो सभी को सामूहिक रूप से साथ आना चाहिए। एक-एक वोट अपने आप में महत्वपूर्ण होता है। कम से कम प्रत्येक शिक्षित मतदाता को तो यह समझना ही चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति सिर्फ अपने घर और परिवार के लोगों को ही बूथों तक ले जाएं और उनका वोट डलवाएं तो निश्चित ही शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प पूर्ण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के स्तर से इस बार शत-प्रतिशत मतदान के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही जागरूक किया जाएगा।



हम सभी को सामूहिक रूप से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास करने होंगे। जागरूकता के कार्य में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए जरूरी है कि उन्हें उनकी जिम्मेदारी का अहसास रहे।

डा. रामवदन पांडेय, प्राचार्य



कालेज के प्रत्येक विद्यार्थी ने अपना दायित्व निभाया है। इस बार भी जागरूकता के कार्य में सभी भरपूर सहयोग करेंगे। नियमित जागरूकता कार्यक्रम संचालित करा लोगों को जागरूक किया जाएगा।

डा. विजय कुमार शुक्ल, प्राध्यापक



विद्यार्थियों के सहयोग से मतदाताओं को जागरूक करूंगी। स्वयं सबसे पहले अपना वोट डालने के बाद परिवार व आसपास लोगों को भी बूथों तक ले जाऊंगी।

काव्यांशी मिश्रा, अतिथि प्राध्यापक



यदि प्रत्येक व्यक्ति सिर्फ अपनी जिम्मेदारी ही समझे तो मतदान का स्तर सुधर सकता है। हमारी अपील है कि सभी सात मई को अपने-अपने बूथों पर पहुंचें और मतदान का दायित्व निभाएं।

डा. महेश कुमार द्विवेदी, संयोजक

अमर उजाला मैनपुरी युवा Youth
amarujala.com
आगरा | मंगलवार, 20 अगस्त 2024



# श्री एकरसानंद महाविद्यालय में संस्कृत दिवस पर हुआ श्रावणी उपाकर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

**एक सप्ताह से चल रहे संस्कृत समारोह का हो गया समापन**

मैनपुरी। श्री एकरसानन्द आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में चल रहे संस्कृत महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन वैदिक विधि से श्रावणी उपाकर्म एवं संस्कृत दिवस का आयोजन हुआ। आचार्य तिलकेंद्र शेखर त्रिपाठी ने कहा कि उपाकर्म से मनुष्य को पुण्य प्राप्ति के साथ मानसिक एवं शारीरिक शुद्धि प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के आचार्य, नगर के अनेक विद्वान एवं छात्रों ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शुद्धि की। महाविद्यालय की आचार्या डॉ. कल्पना ने कहा कि संस्कृत भाषा के उपयोग से वाणी शुद्ध होती है। संस्कृति की रक्षा एवं विकास के लिए संस्कृत को महत्व देना आवश्यक है।

डॉ. विजय कुमार शुक्ल ने पूजन एवं यज्ञ सम्पन्न कराया एवं छात्रों को संस्कृत दिवस एवं श्रावणी उपाकर्म का महत्व समझाया। इस अवसर पर उमेश चंद्र दुबे, आचार्य आशुतोष नारायण त्रिपाठी, आचार्य सतीश मिश्रा, डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, डॉ सुशील कुमार, श्री राजकमल सिंह चौहान, कात्यायनी मिश्रा आदि मौजूद रहे।



श्री एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित संस्कृत महोत्सव में भाग लेते प्राचार्य और शिक्षक। संवाद

THE TOP RANKED UNIVERSITIES IN DELHI NCR

*As from the NIRF Rankings 2024 by the Ministry of Education, Govt. of India*

UNIVERSITIES IN TOP 50 NATIONAL RANKINGS

**संस्कार** केंद्रीय संस्कृत विवि में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले दिन चुने गए प्रतिभागी

# अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा के लिए सात प्रतिभागी चयनित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**लखनऊ।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में शनिवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा की शुरूआत हुई। पहले दिन हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में सात विजेताओं का चयन अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा के लिए किया गया। यह आयोजन फरवरी के अंतिम सप्ताह में अयोध्या में प्रस्तावित है। दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 22 संस्थाओं के 88 प्रतिभागियों ने 35 प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण करवाया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. ब्रजभूषण ओझा ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. गणेश टी. पंडित ने कहा कि केंद्रीय संस्कृत विवि का लखनऊ परिसर भारतीय ज्ञान परंपरा के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता के लिए विवि नोडल एजेंसी की भूमिका निभाता है। रविवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सभी चयनितों के नाम घोषित किए जाएंगे। संचालन प्रो. धनीन्द्र कुमार झा ने किया। इस मौके पर प्रो. लोकमान्य मिश्र, प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय, प्रो. मदनमोहन पाठक, प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी एवं डॉ. नीरज तिवारी आदि उपस्थित रहे।



केंद्रीय संस्कृत विवि में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मौजूद निर्णायक व प्रतिभागी। संवाद

### यह हैं प्रतियोगिता के विजेता

- **व्याकरण भाषण**- माधवी त्रिपाठी, शिवप्रसाद शुक्ल, पारस वशिष्ठ
- **वेदभाष्य भाषण** - माधव शर्मा, अवधेष शुक्ल
- **भारतीय विज्ञान भाषण** - निमिषा, सुधीर
- **आयुर्वेद भाषण**- रुचिका, दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय
- **वेदान्त भाषण**- ऋषि वैभव, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
- **ज्योतिष भाषण**- प्रिंस कुमार, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ
- **जैन-बौद्ध दर्शन भाषण**- विवदयाल पांडेय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ

# भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

**मैनपुरी, हिन्दुस्तान संवाद।** एकरसानंद आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के सभागार में हिंदी दिवस के अवसर पर नगर के माध्यामिक विद्यालयों व महा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच काव्य पाठ व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जूनियर वर्ग की भाषण प्रतियोगिता में ललिता पांडेय प्रथम, देवांश कुमार द्वितीय, अरुणेश कुमार तृतीय रहे। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में नारद शाक्य प्रथम, अभय कुमार द्वितीय, सोनम तौमर तृतीय रहीं। इसी क्रम में जूनियर वर्ग की काव्य पाठ प्रतियोगिता में हरवंश प्रथम, वीर प्रताप द्वितीय, गोविंद तृतीय तथा सीनियर वर्ग में राहुल मिश्रा प्रथम, गौरी द्वितीय, रामनारायण तृतीय रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य रामवदन पांडेय ने हिंदी भाषा के प्रयोग एवं उस महत्व पर विशेष बल दिया। प्रतियोगिता में डा. कल्पना, महेश कुमार, विजय शुक्ला, श्याम दीक्षित, अभिषेक तिवारी, अशोक पांडेय, काव्यांशी मिश्रा, देशबंधु गुप्ता, सुशील कुमार, राजकमल सिंह, अवधेश मणि, सर्वानंद आदि मौजूद रहे।



गुरुवार को एकरसानंद महाविद्यालय में प्रमाण पत्र के साथ छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण। • हिन्दुस्तान